**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 29 अप्रैल 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बना रही है।**

- **श्री मोदी ने  कहा कि सरकार  भारत के लिए कृत्रिम मेधा को उपयोगी बनाने के उद्देश्य से सरकार मेक एआई इन इंडिया के दृष्टिकोण पर काम कर रही है।**

- **केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने नवाचार को शीर्ष  वरीयता दी है।**

- **हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आशा व्यक्त की है कि सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले हरियाणा के युवा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना को साकार करने में अपनी प्रतिभा का योगदान देंगे।**

- **आज हरियाणा मे भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम एवं श्रद्धा से मनाई गई।**

*******************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार देश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बना रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र देश के हर विद्यार्थी के लिए विश्व स्तरीय ज्ञान सुगम बन रहा है।श्री मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में सरकार, शिक्षा, उद्योग और नवाचारी समुदाय के नेताओं के पहले रणनीतिक सम्मेलन **युग्म** को संबोधित कर रहे थे।

श्री मोदी ने कहा -

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का युवा वर्ग अभूतपूर्व नवाचारों को आगे बढ़ा रहा है।

श्री मोदी ने कहा कि देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक राष्ट्र, एक सब्सक्रिप्शन विश्व स्तरीय ज्ञान को हर विद्यार्थी के लिए सुगम बना रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के बजट में सरकार ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों -आईआईटी की क्षमता और सीटों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि आईआईटी और एम्स के सहयोग से कई मेडिटेक पाठ्यक्रमों की शुरूआत की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लिए कृत्रिम मेधा, एआई को उपयोगी बनाने के उद्देश्य से सरकार **मेक एआई इन इंडिया** के दृष्टिकोण पर कार्य कर रही है।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि 2014 से पहले देश में सिर्फ तीन क्रियाशील अनुसंधान पार्क थे।उन्होंने कहा कि 2014 के बाद 6 अतिरिक्त पार्कों की स्थापना की गई है। सरकार 13 और अनुसंधान पार्क निर्मित करने की योजना बना रही है।
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि 21वीं सदी  भारत की है।

उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में नरेंद्र मोदी की सरकार ने नवाचार को शीर्ष वरीयता दी है।

**************************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल **Akashvani News Chandigarh** पर भी उपलब्ध हैं।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले हरियाणा के 64 अभ्यर्थियों को सम्मानित किया।आज चंडीगढ़ में अपने निवास पर हरियाणा के नवचयनित अभ्यर्थियों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह सभी विकसित भारत के सपने की नींव व कर्णधार हैं।

उन्हें और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा -

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आशा व्यक्त की कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करने में अपनी प्रतिभा का योगदान देंगे और सराहनीय कार्य करके धाकड़ हरियाणा की धाक बनाए रखेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों देश में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। इसी का नतीजा है कि विश्व के शक्तिशाली देशों के अध्यक्ष भारत की तारीफ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी को मिल कर भारत को दुनिया में सिरमौर देश बनाना है, इसमें उनकी भी अहम भूमिका होगी।

*************************************************************************

हरियाणा में आज भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम और पूरी श्रद्धा के साथ मनाई गई।धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेता संजय कौशिक व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सहित कई धार्मिक व प्रबुद्ध व्यक्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वामी शुकदेवा आचार्य ने कहा कि ब्राहमण अनादि काल से समाज का प्रतिनिधित्व कर रहा है।उन्होंने कहा कि आज भी ऐसी ही आवश्यकता है। भिवानी में परिक्रमा मार्ग पर स्थित भगवान परशुराम चौक पर श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान निकाली जा रही अढ़ाई कोसी यात्रा को लेकर बालयोगी महंत चरणदास महाराज ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाना है। यात्रा के माध्यम से ना केवल सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, बल्कि सामाजिक एकता व भाईचारे को भी मजबूत करने की दिशा में यह यात्रा बेहद लाभकारी साबित हो रही है।पानीपत से भी श्री विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया का पर्व मनाए जाने के समाचार मिला है। श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के चित्र पर

जल, फूल, मिठाई, फल, चंदन, नारियल, फरसा और अक्षत चढ़ा कर उनकी पूजा की।लोगो ने भगवान परशुराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने व उनके द्वारा दिखाए गए धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने प्रदेशवासियों को भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया पर्व की बधाई व शुभकामनाएं दी।

*****************************************************************************

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि जींद शहर में पीने की पानी की किल्लत का समाधान शीघ्र किया जाएगा।उन्होंने आज जींद में अधिकारियों की बैठक ली तथा शहर में लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए दिशा निर्देश भी जारी किए।पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री बेदी ने कहा कि हर साल की तरह इस बार भी नहर मरम्मत के लिए बंद की गई थी लेकिन जो पानी पंजाब से मिलना था, पंजाब सरकार ने देने से मना कर दिया। इस वजह से यह दिक्कत पैदा हुई है।

उन्होंने कहा–

उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वे पानी का फिजूल प्रयोग न करें तथा पानी समस्या को दूर करने में प्रशासन का सहयोग करें।